## एक नजर में

### नि:शुल्क नेत्र शिविर कल

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 17 जनवरी, का.** रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में कल 19 जनवरी को ब्यावरा में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल परिसर में रखा गया है. जानकारी के अनुसार कल सिविल अस्पताल में प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक नि:शुल्क नेत्र शिविर रहेगा. जिसमें सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच की जाएगी. नेत्र संबंधी रोगियों से अधिकाधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर इसका लाभ लेने का आग्रह किया गया है.

### राजगढ़ में आज होगी बिजली कटौती

**राजगढ़ 17 जनवरी, का.** आज 18 जनवरी को 33/11 केव्ही राजगढ़ टाउन ग्रिड में मेंटेनेंस का कार्य होना है. इसलिए सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. इससे नाका 3, मेन मार्केट, जेल रोड, खुजनेर रोड, खिलचीपुर नाका, संकट मोचन, हेडगेवार कॉलोनी, पुरानी बस स्टैंड, रेस्ट हाउस, काला खेत, मोहनपुरा, आवास कॉलोनी, खोयरी रोड, बड़ा पुल और अन्य आसपास के क्षेत्रों में कटौती रहेगी.

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का पांचवा दिन संपन्न

**राजगढ़ 17 जनवरी,** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर का गोदग्राम कालीपीठ में आज पांचवा दिन संपन्न हुआ. आज के बौद्धिक सत्र में यातायात प्रभारी देवनारायण पांडे द्वारा यातायात नियमों एवं अन्य प्रेरणात्मक चर्चाएं स्वयंसेवकों के साथ की गई. उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का पालन न करने से हम हमारी जिंदगी से हाथ खो बैठते हैं और ताउम्र हमारे परिवार को समस्याओं का सामना करना पड़ता है. हम सभी को यातायात के नियमों का अनुसरण करना चाहिए .यह सात दिवसीय शिविर संस्था प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी एवं जिला संगठक डॉ. शैलेंद्र कुमार मेवाड़ा द्वारा संचालित किया जा रहा है. जिसमें स्वच्छता, नशा मुक्ति, प्रथा उन्मूलन, पर्दा प्रथा, बाल विवाह का विरोध, डिजिटल साक्षरता के लिए युवा आदि विषयों पर जागरूकता कार्य किया जा रहा है.

### महावीर आश्रम बड़ा बाग से मोटरसाइकिल चोरी



**सुठालिया 17 जनवरी, सं.** शनिवार को स्थानीय महावीर आश्रम बड़ा बाग के गेट से दिनदहाड़े एक बाईक चोरी हो गई. जो वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई. दोपहर 12 बजे विक्रम पिता बलदेव सिंह कुशवाह उम्र 40 वर्ष वार्ड नं 15 परलापुरा निवासी अपनी पत्नी के साथ मंदिर के बहार बाई खड़ी करके मंदिर में दर्शन करने गया था. 20 मिनट पश्चात जब वो दर्शन करके बहार आया तो उसे अपनी बाईक हीरो स्पलेंडर नहीं मिली. आसपास ढूंढने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है. पुलिस जांच में जुट गई है.

# करोड़ों का प्रोजेक्ट फिर भी प्यासा राजगढ़

## चार दिन पूर्व मोहनपुरा फिल्टर प्लांट की मोटर फुंकने पर आधे से ज्यादा नगर में पेयजल सप्लाई बाधित

**शनिवार चौथे दिन भी ठप्प रही पेयजल सप्लाई, पानी के लिए परेशान हो रहे नागरिक**



**नपा ने कहा आज से सप्लाई सुचारू होगी**

मोहनपुरा फिल्टर प्लांट की विद्युत मोटर में आयी खराबी के दुरस्त कर लिया गया है. मुख्य नपाधिकारी पवन अवस्थी के अनुसार फिल्टर प्लांट की विद्युत मोटर में आयी खराबी को दूर कर मोटर चालू कर दी गई है, आज से नगर में सुचारु रुप से पेयजल सप्लाई बहाल हो जाएगी.

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 17 जनवरी, का. खेतो में सिंचाई के लिए पानी तथा हर गांव, नगर में घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शासन द्वारा करोड़ों रुपये लगाकर मोहनपुर डेम परियोजना का निर्माण किया गया किंतु करोड़ों के इस प्रोजेक्ट के बावजूद उचित प्रबंधन के अभाव में आज भी जिला मुख्यालय पर कई दिनों तक लोगों को पानी के लिए तरसा पड़ रहा है.**

जिला मुख्यालय राजगढ़ में शनिवार को चौथे दिन भी आधे से ज्यादा नगर में पेयजल सप्लाई ठप्प रही. नागरिकों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. चार दिन पूर्व मोहनपुरा फिल्टर प्लांट की विद्युत मोटर फुंकने से पेयजल सप्लाई ठप्प हो गई थी.

गौरतलब है कि राजगढ़ में दो स्थानों से पेयजल सप्लाई होती है एक पुराने फिल्टर प्लांट एवं एक मोहनपुरा स्थित नवीन फिल्टर प्लांट से, 14 जनवरी की सुबह नवीन फिल्टर प्लांट पर स्थित 120 एचपी की विद्युत मोटर एकाएक फुंक गई, इसके बाद आधे से अधिक नगर की पेयजल सप्लाई ठप्प हो गई,

**रसूखदारों के यहां पहुंच जाते है टेंकर**

प्राय: जब भी इस तरह मोटर फुंकने या अन्य तकनीकि कारण के चलते राजगढ़ में पेयजल सप्लाई बाधित होती है तो इसका सर्वाधिक खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है. जबकि रसूखदारों के यहां नपा के पानी टेंकर जा पहुंचते है. ऐसे में आमजन को दूर-दराज स्थित जल स्त्रोतो से पानी लाना पड़ता है. शनिवार को जब चार दिन में भी पानी नहीं आया तो मजबूरन लोगों ने निजी तौर पर टेंकर से पानी डलवाया एवं केम्पर से पीने के पानी की व्यवस्था की.

**करोड़ो लगाए पर वैकल्पिक मोटर की व्यवस्था नहीं** – यह विडम्बना ही है कि मोहनपुरा परियोजना में करोड़ों रुपये लगे. वहां से राजगढ़ नगर में पेयजल सप्लाई होती है किंतु फिल्टर प्लांट पर एकमात्र 120 एचपी की विद्युत मोटर है, जिसके खराब होते ही पेयजल सप्लाई ठप्प हो जाती है, जबकि ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर एक और अतिरिक्त विद्युत मोटर रखी जाना चाहिए ताकि भविष्य में नागरिकों को पेयजल संकट का सामना नही करना पड़े.

**शनिवार से पेयजल सप्लाई सुचारु होना थी** – नपा के अनुसार शुक्रवार की शाम तक मोटर दुरस्त होने के बाद शनिवार की प्रात: से पेयजल सप्लाई बहाल होना की बात कही थी किंतु शनिवार को भी पेयजल सप्लाई बहाल नहीं हो

**ठंड के मौसम में पेयजल संकट**

विद्युत मोटर खराब हुए चार दिन गुजरने के बाद भी नगर की पेयजल व्यवस्था सामान्य नहीं हो सकी है. नगर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई बाधित होने से नागरिकों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पानी के लिए आमजन को लगातार परेशानी उठानी पड़ रही है. स्थानीय बाराद्वारी मोहल्ला निवासी नौरंगबाई ने बताया कि चार दिनों से घर में पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है. पीने के पानी से लेकर रोजमर्रा के कामों तक के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है. वहीं गुड्डू भाई का कहना है कि नगर पालिका द्वारा जल्द सुधार के आश्वासन तो दिए जा रहे है, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा. समय पर पानी नहीं मिलने से लोगों के कामकाज, दिनचर्या प्रभावित हो रही है.

# जप्त माल और जमा पूंजी से होगा किसानों का भुगतान

## विभाग अपने दस्तावेजों की जांच उपरांत आगे की कार्रवाई करेगा

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 जनवरी, का.** जीएसटी चोरी करने और किसानों की राशि रखने वाले पचोर के व्यापारी की अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें भोपाल भर्ती कराया गया है, उधर जानकारी मिली है कि किसानों का भुगतान विभाग द्वारा जप्त किये गए माल और व्यापारी के बैंक खातों में जमा पूंजी से जल्द ही किया जाएगा.

गौरतलब है कि पचोर में दो दिन तक व्यापारी के तमाम दस्तावेजों को खंगालने के बाद विभाग के द्वारा आज व्यापारी के घर को भी खोल दिया गया है, विभाग अपने दस्तावेजों की जांच उपरांत आगे की कार्रवाई करेगा.

**किसानों को मिलेगी उनकी राशि** – जिला कलेक्टर और जीएसटी कमिश्नर के निर्देश पर पहले किसानों की राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है. किसानों की राशि का भुगतान विभाग द्वारा जप्त किये गए माल और व्यापारी के बैंक खातों में मौजूद पूंजी के द्वारा किया जाएगा.

**102 किसानों के एक करोड़ का नहीं किया भुगतान** – गौरतलब है कि पचोर मंडी में सोयाबीन बेचने वाले कुल 102 किसानों के करीब एक करोड़ रूपये व्यापारी आनंद माहेश्वरी द्वारा नहीं दिए गए, उक्त राशि का भुगतान होने के पूर्व जीएसटी द्वारा छापा डाल देने से किसानों की चिंता बड़ गई. किसानों के द्वारा राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर को शिकायत करने पर उन्होंने कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को इस तथ्य से अवगत कराया. कलेक्टर के सक्रिय होने के बाद आखिरकार विभाग द्वारा जप्त किये माल और बैंक में जमा पूंजी से किसानों का भुगतान करने के निर्देश मंडी प्रशासन को दिए गये है. शुक्रवार की रात्रि को उस समय व्यापारी की तबियत बिगड़ गई जब अधिकारीगण द्वारा व्यापारी के यहां जांच पड़ताल की जा रही थी. बीपी बड़ जाने के कारण हालत बिगड़ती देख व्यापारी को भोपाल भर्ती किया गया है. जहां अब स्वास्थ्य में सुधार है. शनिवार को विभाग के अधिकारियों की टीम ने दस्तावेजों को जप्त करने के बाद आज मकान को भी मुक्त कर दिया.



# पोल से केबल डालकर चला रहे थे लाइट

**विद्युत विभाग की टीम ने 20 जगह की कार्रवाई**

**केबल और मीटर जप्त करके लाया अमला**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 जनवरी, का. बकाया के चलते विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा अनेक विद्युत कनेक्शनों को काट दिया गया है, बावजूद इसके कई बकायादार उपभोक्ताओं के द्वारा पोल या लाइन से तार डालकर चोरी छूपे लाईट चलाई जा रही है, बीती रात्रि को विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा सघन चेकिंग में 20 बकायादारों को पोल से केबल डालकर बिजली चलाते हुए पकड़ा. इनके यहां से केबल एवं मीटर जप्त करने की कार्यवाई की है.**

विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी के द्वारा बकाया के चलते डिसकनेक्ट हुए कनेक्शनों को रात्रि के समय चेकिंग किया जाता है कि कहीं कोई चोरी की बिजली कर लाईट तो नहीं चला रहा है, इसी बीच शुक्रवार की देर शाम को विद्युत विभग की टीम सुठालिया रोड स्थित सीया की बाड़ी क्षेत्र में पहुंची जहां पर एक के बाद एक 20 ऐसे कनेक्शनधारी जिनके बकाया के चलते कनेक्शन डिसकनेक्ट कर दिए गये थे इनके द्वारा समीप विद्युत पोल से केबल डालकर बिजली चलाई जा रही थी.

**केबल, मीटर जप्त कर लाये** – विद्युत विभाग की टीम द्वारा जिनके द्वारा केबल डालकर बिजली चलाई जा रही थी उनकी केबल एवं उनके यहां लगे हुए विद्युत मीटर टीम द्वारा बरामद कर ले जाया गया. इन 20 बकायादार उपभोक्ताओं पर 3 लाख रुपये की बकाया बिल राशि होना बताया जाता है.

**मौके पर पहुंचकर की जा रही चेकिंग** – कटे हुए विद्युत कनेक्शनों को कई लोगों के द्वारा समीप मौजूद पोल एवं केबल पर तार डालकर लाईट चलाने की जानकारी लगने पर विद्युत वितरण कंपनी की टीमों के द्वारा रात्रि में चेकिंग की जा रही है, एई अजित भुमरकर के अनुसार विद्युत वितरण कंपनी की टीमों के द्वारा रात्रि में चेकिंग के दौरान शुक्रवार को 20 स्थानों पर पोल पर तार डालकर लाईट चलाई जा रही थी. संबंधितो के तार एवं मीटर जप्त कर लिए गये है. आगे भी इस तरह टीमों के द्वारा चेकिंग जारी रहेगी. वर्तमान में समाधान योजना के तहत सरचार्ज में छूट का लाभ लेते हुए बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कर सकते है.

# ट्रॉली– बाइक की भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी गंभीर, बाहर रेफर

**नवभारत न्यूज**

**झाडला/कुरावर 17 जनवरी, सं.** शनिवार की देर शाम को कुरावर-नरसिंहगढ़ मार्ग पर झाडला जोड़ के यहां लकड़ी से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली और बाइक के बीच हुई जोर की भिड़ंत में बाइक सवार पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गई. इनके साथ मौजूद दो बच्चे पूरी तरह सकुशल है.



प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार माना निवासी रोहित और उनकी पत्नी आरती अपने तीन साल के बालक एवं दस माह की बालिका के साथ माना से तिंदोनिया की और जा रहे थे. इसी बीच झाडला जोड़ के यहां झाडला तरफ से कुरावर की ओर जा रही ट्रेक्टर ट्रॉली और बाइक के बीच जोर की टक्कर हो गई. दुर्घटना में पति और पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गये. इन्हें तुरंत कुरावर अस्पताल ले जाया गया. जहां उपचार के दौरान व्यक्ति ने दम तोड़ दिया. जबकि महिला को भोपाल रेफर किया गया है. इनके साथ मौजूद दोनों बच्चे सकुशल है. घटना की जानकारी लगते ही परिजन, ग्रामीण मौके पर पहुंचे. घटना के बाद ट्रेक्टर ट्रॉली चालक मौके पर से फरार हो गया.

# पाइप लाइन की सफाई में जुटी निर्माण एजेंसी



**नवभारत न्यूज**

**पड़ाना 17 जनवरी, सं.** नगर में 1500 से अधिक नल कनेक्शन धारी को कुंडलिया डैम का शुद्ध जल सप्लाई करने वाली पानी की लाइन जगह-जगह लीकेज होने की वजह से एवं टंकी के वॉश पॉइंट में मिट्टी घुस जाने के कारण नलों से मटमेंला पानी आ रहा था.

मटमेला पानी की खबर प्रकाशित करने के बाद हरकत में आया जल निगम विभाग ने स्कूल परिसर में शुद्ध जल महिया करने वाली 4 लाख 90 हजार की क्षमता वाली पानी टंकी के फाउंडेशन का अवलोकन वॉश पॉइंट को देखा. जिसमें मिट्टी फांसी हुई थी. जिसे साफ कराया गया. अब जगह-जगह लीकेज की समस्या ठीक करने के लिए रुह्र ञ्च कंपनी ठेकेदार द्वारा मात्र दो मजदूरों के भरोसे लीकेज लाइन को दुरुस्त किया जा रहा है. ऐसे में 1500 लोगों के परिवारों को कब शुद्ध जल मिल पाएगा.

# शोभायात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 17 जनवरी, सं.** श्री बागवाला हनुमान मण्डल एवं महिला मण्डल के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा नगर के त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर रामलीला चोक से धूम-धाम से शुरू हुई.

शोभायात्रा में महिलाएं मंगल कलश धारण कर चल रही थी वहीं राम कृष्ण की झांकियां सजाई गई जो शोभायात्रा के साथ थी. शोभायात्रा के बाद कथा प्रारंभ हुई जिसमें प्रथम दिवस पं. सोनू शर्मा ने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को कष्टों से छुटकारा मिलने और भागवत कथा कि महिमा के प्रसंगों का विस्तार से चित्रण किया. बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवाओं ने शामिल होकर भगवान भक्ति भाव में बहे. प्रतिदिन भागवत कथा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक होगी.

# शासकीय सांदीपनी विद्यालय में युवा जागृत मंच कार्यक्रम का आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 17 जनवरी, सं.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा शासकीय सांदीपनि विद्यालय युवा जागृत मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया. शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया.

मुख्य वक्ता उमा वैष्णव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओ को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताया है उनका जीवन हमें संदेश देता है कि जब युवा जागृत होता है तभी राष्ट्र प्रगति करता है.

नगर मंत्री नरेंद्र सौंधिया ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित, राष्ट्रहित और समाजहित्त को केंद्र में रखकर युवाओं को संगठन सेवा और संस्कार से जोड़ने का कार्य कर रही है.

अविनाश व्यास ने आभार एवं संचालन पूजा पंवार ने किया. स्कूल प्राचार्य कैलाश शर्मा, अर्जुन दांगी, रामेश्वर पवांर दीपक सोनगरा, निशा मालाकार, स्कूल स्टाफ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

# मॉक ड्रिल में बताए बचाव के उपाय



**नवभारत न्यूज**

**पीलूखेड़ी 17 जनवरी, सं.** हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन पीलूखेड़ी के परिसर में मॉक ड्रिल एनडीआर एफ द्वारा आयोजित की गई मॉक ड्रिल में गैस टैंकर में कार टकराने से गैस लीकेज होने पर किस प्रकार गैस को रोका जाए कौन-कौन सी सावधानियां जरूरी है इस बारे में जानकारी दी. इस मौके पर अपर कलेक्टर ज्योति राजौरे, रामभवन सिंह डिप्टी कमांडेंट 11 बटालियन एनडीआरएफ वाराणसी, नायब तहसीलदार सपना झीलोंरिया, अजीत भौमिक यूनिट हेड एचपीसीएल, मयंक बाजपेई वाइस प्रेसिडेंट मानव संसाधन विभाग एच आर ओसवाल डेनिम, भोपाल जिलेटीन मुंशी भगत, जाहिद खान, नीरज शर्मा आशीष, राघवेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे.

इसके बाद अपर कलेक्टर द्वारा एचपीसीएल कंपनी में पौधारोपण किया गया.

**In The Court Of VII Civil Judge Junior Division Biaora, District Rajgarh M.P.**
**Presiding Officer:**
**सुश्री भावना कछावा**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाश हेतु )**

**( MJC/0000027/2024)**
**अनमोल शर्मा ...... वादी**
**VS भारतीय जीवन बीमा निगम**
**........ प्रतिवादी**

**Process id-/2026**
**पेशी दिनांक - 09/02/2026**

**प्रेषिती - 1.सर्व साधारण पता आम जनता**

यह कि प्रार्थी अनमोल शर्मा ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र आदेश 9 नियम 9 सीपीसी के समर्थन में प्रकरण सुनवाई हेतु पुन: नंबर पर लिये जाने बावत वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति मं हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें. यह आज तारीख 10 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

**न्यायाधीश भावना कछावा**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र.**

**नोट**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

**अव्यवस्था** ▶ **राजगढ़ रोड सहित अन्य जगहों पर नाले-नालियों के सहारे जा रही पेयजल सप्लाई लाइनें**

# पेयजल लाइनों को जलमग्न कर रहा गंदा पानी

**ऐसे हालातों में कैसे संभव होगी शुद्ध पेयजल की सप्लाई**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 जनवरी, का. नगर में नपा के द्वारा पेयजल सप्लाई लाइनों के लीकेज तलाश कर उन्हें दुरस्त करने का कार्य किया जा रहा है, अनेक जगह लीकेज मिले है वहीं नाले, नालियों में से होकर जा रही लाइनों में अवैध नल कनेक्शन भी होना सामने आया है, जिनके कारण दूषित पानी नलों तक पहुंच रहा है,**

शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नपा द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बीच अभी भी कई जगह नाले, नालियों के बीच से होकर पाइप लाइन गुजर रही है, वहां के हालात देख यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि नलों में कितना शुद्ध पानी पहुंच पा रहा है.

गौरतलब है कि इंदौर में पीने के पानी से हुई मौतों के बाद नगर में नपा द्वारा पेयजल सप्लाई लाइनों की चेकिंग कर लीकेज ठीक किए जा रहे है. कई जगह पाइप लाईनों में लीकेज मिले, जिन्हें दुरस्त किया गया. परन्तु अभी भी कई स्थानों पर पाइप लाईने नाले, नालियों के बीच से जा रही है.

उल्लेखनीय है कि काफी समय से नगर के राजगढ़ रोड व अन्य कुछ स्थानों पर नलों में दूषित पानी आता रहा है, रहवासियों के द्वारा कई बार नपा में इससे अवगत कराया गया.

**गंदे पानी में जलमग्न हो रही पाइप लाइन**

राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज के आगे मोड़ के यहां विशालकाय नाली के यहां से पाइप लाइन जा रही है, लाइन पर गंदा पानी जाते हुए देखा जा सकता है. इसी प्रकार राजगढ़ रोड पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर के समीप नाले के यहां पाइप लाइन जा रही है. इसी तरह अन्य जगह भी नाले, नालियों के यहां से पाइप लाइन जाने से पानी के दूषित होने की संभावना बनी रहती है. नाले, नालियों के यहां से गुजर रही लाईनों को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में नलों में दूषित, गंदा पानी न पहुंच सके.


